# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**05 July 2026**



Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में किस हवाई अड्डे पर इंडिगो के एयरबस ए 320 विमान की स्वदेशी गगन (जीपीएस ऐडेड जिओ ओगुमटेड नेविगेशन सिस्टम) से रनवे पर सफल लैंडिंग करवाई गई?**

(A) किशनगढ़ हवाई अड्डा
(B) उदयपुर हवाई अड्डा
(C) जयपुर हवाई अड्डा
(D) इनमें से कोई नही

- 27 जून 2026 को उदयपुर हवाई अड्डे पर इंडिगो के एयरबस ए 320 विमान की स्वदेशी गगन (जीपीएस ऐडेड जिओ ओगुमटेड नेविगेशन सिस्टम) से रनवे पर सफल लैंडिंग करवाई गई।
- इसरो और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा विकसित गगन खुद कोई स्वतंत्र नेविगेशन प्रणाली नहीं है, एक तरह से यह अमेरिकी जीपीएस की गलतियों को सुधारने वाला फैक्ट चेकर है।
- नाविक (नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन) भारत की एक जीपीएस प्रणाली है, जो भारतीय सीमा से 1500 किलोमीटर दूर तक नजर रखती है।

Yesterday Revision

0101. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई 2026 को राजस्थान में बालोतरा के पचपदरा में स्थित 79,459 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बनी ‘एचपीसीएल राजस्थान ऑयल रिफाइनरी’ का उद्घाटन किया।

02. 29 वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन (एनसीइजी) में एआई-आधारित एकीकृत निगरानी तंत्र त्रिनेत्र प्रोजेक्ट हेतु उज्जैन को डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में स्वर्ण (गोल्ड) पुरस्कार से सम्मानित किया गया

03. हाल ही में 28 जून, 2026 को अलवर जिले के सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना के 18 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ‘बाघ पुनर्स्थापना: अवसर एवं चुनौतियां’ विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

04. बाघ-बाघिनों के लिए प्रसिद्ध जंगल सरिस्का टाइगर रिजर्व के इतिहास में पहली बार दो बेहद दुर्लभ जीव सफेद रंग का मोर’ और गोल्डन सांभर देखे गए हैं.

05. अंबेडकर ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से छत्रपति शाहूजी महाराज की जन्म जयंती पर दिल्ली में आयोजित नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड-2026 कार्यक्रम में राजस्थान के डॉ. राधा मोहन सैनी को सम्मानित किया गया।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान - 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को "राज्य स्तरीय प्रो. पी.सी. महालनोबिस सांख्यिकी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

(B) 20वें राज्य स्तरीय सांख्यिकी समारोह का आयोजन जयपुर में किया गया है

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- आधुनिक भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में 20वें राज्य स्तरीय सांख्यिकी समारोह का आयोजन कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब, जयपुर में 29 जून को किया गया
- थीम : 'अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ एडमिनेस्ट्रेटिव डेटा'
- सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान -15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को "राज्य स्तरीय प्रो. पी.सी. महालनोबिस सांख्यिकी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।
- 20वें राज्य स्तरीय सांख्यिकी समारोह में माननीय उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा द्वारा "राजस्थान स्टेटिस्टिकल ईयर बुक-2026 " का विमोचन किया गया।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) इंटरनेशनल ट्रैवल मैगजीन कोंडे नास्ट ट्रैवलर की भारत में मानसून के दौरान घूमने के लिए 16 बेहतरीन जगहों में उदयपुर शामिल है।

(2) उदयपुर में हर साल लगभग 19 लाख से ज्यादा लोग घूमने के लिए आते हैं.

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- इंटरनेशनल ट्रैवल मैगजीन कोंडे नास्ट ट्रैवलर, जिसने भारत में मानसून के दौरान घूमने के लिए 16 बेहतरीन जगहों की एक लिस्ट शेयर की है, जिसमें उदयपुर की भी शामिल किया गया है.
- उदयपुर शहर हमेशा से ही अपनी झीलों, महलों और शानदार नजारों के लिए फेमस है, लेकिन बारिश के मौसम में इस शहर की खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ जाती है.
- यहां पर हर साल लगभग 19 लाख से ज्यादा लोग घूमने के लिए आते हैं.
- मैंगजीन की इस लिस्ट में उदयपुर के अलावा कर्नाटक, उत्तराखंड, गोवा और महाराष्ट्र के साथ ही कई दूसरे कई टूरिस्ट प्लेस भी शामिल किए गए हैं.

03.राजस्थान सहित 13 राज्यों में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 'किस रोडमैप 2030' का शुभारंभ किया गया है?

(A) ममता रोडमैप 2030

(B) सवेरा रोडमैप 2030

(C) सुमन रोडमैप 2030

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 'सुमन रोडमैप 2030' का शुभारंभ किया।
- उद्देश्य वर्ष 2030 तक मातृ मृत्यु अनुपात (MMR) को प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम करना है। साथ ही, इसका लक्ष्य नवजात मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा रोकी जा सकने वाली मातृ एवं नवजात मृत्यु को शून्य के स्तर तक लाना है।
- यह पहल 13 उच्च-प्राथमिकता वाले राज्यों के 130 जिलों पर केंद्रित है, जिनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, असम तथा पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) नेपाल में आयोजित पहली दक्षिण एशियाई सीनियर एवं मिक्स रॉकबॉल चैंपियनशिप-2026 में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता है

(B) भारतीय महिला टीम में राजस्थान की बबीता गोयल शामिल थी।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित कुमारी फुटसल एंड स्नूकर परिसर में 29 जून से 2 जुलाई तक आयोजित पहली दक्षिण एशियाई सीनियर एवं मिक्स रॉकबॉल चैंपियनशिप-2026 में भारतीय पुरुष एवं महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाकर देश का गौरव बढ़ाया
- भारतीय महिला टीम ने कप्तान साइका खानम (जम्मू-कश्मीर) के नेतृत्व में बेहतरीन तालमेल और दमदार प्रदर्शन किया। टीम में बबीता गोयल (राजस्थान) से शामिल थी

**05. हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहां से वीबी जी राम जी योजना का शुभारंभ किया?**

(A) जोधपुर

(B) ब्यावर

(C) भरतपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री ने ब्यावर में वीबी जी राम जी योजना का शुभारंभ किया; राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 2 जुलाई को ब्यावर जिले के मसूदा कृषि उपज मंडी में 'वीबी जी राम जी योजना' के राज्य स्तरीय सार्वजनिक सम्मेलन और लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए।
- विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, या वीबी-जी आरएएम जी अधिनियम, 1 जुलाई, 2026 को लागू हुआ। केंद्र प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं को संसद के शीतकालीन सत्र 2025 में पारित किया गया था।
- इस विधेयक ने 100 दिन की रोजगार गारंटी को 125 दिन की गारंटी से बदल दिया। इसमें महात्मा गांधी का नाम योजना से हटा दिया गया है और केंद्र एवं राज्यों के बीच निधि का 60:40 का बंटवारा कर दिया गया है।

जयपुर, शुक्रवार, 03 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-134

1. **अलवर** की किस झील या बांध को 'रामसर साइट' का दर्जा दिया गया है?
(A) सिलीसेढ़ झील
(B) मंगलासर बांध
(C) मानसरोवर बांध
(D) जयसमंद झील

2. **केंद्र** सरकार द्वारा गठित 'अर्बन चैलेंज फंड' के माध्यम से आगामी 5 वर्षों में राजस्थान के शहरों के व्यापक विकास के लिए कितने करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं?
(A) 10,500 करोड़ रुपये
(B) 12,000 करोड़ रुपये
(C) 15,800 करोड़ रुपये
(D) 20,000 करोड़ रुपये

3. **शेखावाटी** क्षेत्र को यमुना का पानी उपलब्ध कराने के लिए हाल ही में (29 जून 2026) राजस्थान ने किस राज्य के साथ ऐतिहासिक 'यमुना जल समझौते' पर हस्ताक्षर किए हैं?
(A) पंजाब
(B) उत्तर प्रदेश
(C) हरियाणा
(D) मध्य प्रदेश

4. **राजस्थान** इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में 1-2 जुलाई, 2026 को कौन-से 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन' का आयोजन किया गया?
(A) 25वें (B) 27वें
(C) 29वें (D) 31वें

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत डीग जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार पाउडर
(B) स्टोन आधारित उत्पाद
(C) स्लेट स्टोन के उत्पाद
(D) ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद

**Today, Quiz:**

**Q. अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई ?**

(A) 25 जून

(B) 22 जून

(C) 28 जून

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine